Adda247 GET IT ON Google Play

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सी ई एन - ०१/२०२५ - CEN - 01/2025
## सहायक लोको पायलट की भर्ती/ Recruitment of Assistant Loco Pilot

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 18/02/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:00 AM |
| Subject | RRB ALP CBT 1 |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB ALP**

**Q.1** एक निश्चित कूट भाषा में, 'BREW' को '8135' के रूप में और 'WEAR' को '3915' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 3
- ✓ B. 9
- ✗ C. 1
- ✗ D. 5

**Q.2** तरुण और वरुण क्रमशः ₹12,000 और ₹72,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू करते हैं। तरुण अपनी धनराशि 4 महीने के लिए निवेश करता है और वरुण अपनी धनराशि 10 महीने के लिए निवेश करता है। वर्ष के अंत में, कुल लाभ का 20%, ₹16,800 है। वरुण का लाभ में हिस्सा (₹ में) कितना है?

**Ans**
- ✓ A. 78,750
- ✗ B. 76,550
- ✗ C. 78,250
- ✗ D. 76,350

**Q.3** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✓ A. RU - QV
- ✗ B. GK - FJ
- ✗ C. UY - TX
- ✗ D. LP - KO

**Q.4** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

79 D 12 B 4 C 100 A 5 = ?

**Ans**
- ✗ A. 50
- ✗ B. 53
- ✓ C. 51
- ✗ D. 55

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सा लसीका का सही वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. केवल धमनियों के अंदर प्रवाहित होने वाला तरल
- ✗ B. प्रचुर लाल रक्त कोशिकाओं वाला रंगीन तरल
- ✓ C. प्लाज्मा के समान लेकिन रंगहीन और कम प्रोटीन युक्त
- ✗ D. रक्त प्लाज्मा की तुलना में अधिक प्रोटीन वाला तरल

Q.6 अवतल लेंस के सामने किसी वस्तु को कहीं भी रखा जाए, वह हमेशा _____________ प्रतिबिंब बनाता है।

Ans
- ✓ A. आभासी, सीधा और छोटा
- ✗ B. वास्तविक, सीधा और समान साइज़
- ✗ C. आभासी, उल्टा और विवर्धित
- ✗ D. वास्तविक, उल्टा और विवर्धित

Q.7 $\frac{3}{7}, \frac{3}{5}, \frac{11}{13}, \frac{14}{16}$ और $\frac{17}{19}$ की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{14}{16}$
- ✓ B. $\frac{11}{13}$
- ✗ C. $\frac{17}{19}$
- ✗ D. $\frac{3}{5}$

Q.8 शब्द WICKED में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

Ans
- ✓ A. 1
- ✗ B. 0
- ✗ C. 3
- ✗ D. 2

Q.9 निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन-सा समूह प्रतिस्थापित करने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

WDX14, CKD27, IRJ40, OYP53, ?

Ans
- ✗ A. UFO66
- ✗ B. FFV66
- ✗ C. UPV66
- ✓ D. UFV66

Q.10 नीचे दिए गए दोनों युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KFM : GCR
RMS : NJX

Ans
- ✓ A. MSU : IPZ
- ✗ B. PST : KNY
- ✗ C. HOP : DJU
- ✗ D. ORG : KNL

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा, आधिकारिक रूप से किसी भी विधान की संवैधानिक वैधता निर्धारित करता है?

Ans
- ✗ A. भारत के राष्ट्रपति, संवैधानिक विवेकाधिकार के माध्यम से
- ✓ B. भारत का सर्वोच्च न्यायालय, न्यायिक समीक्षा के माध्यम से
- ✗ C. भारत की संसद, एक विशेष प्रस्ताव के माध्यम से
- ✗ D. केंद्रीय मंत्रिमंडल, कार्यकारी निर्वचन के माध्यम से

Q.12 एक निश्चित कूट भाषा में, 'HASP' को '8294' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'ASHY' को '2879' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'Y' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 9
- ✗ B. 8
- ✓ C. 7
- ✗ D. 2

Q.13 A, G, H, P, S और Y एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। Y और H के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। G और S के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। G के ऊपर कोई नहीं रहता है। H, S के नीचे लेकिन P के ऊपर रहता है।
A के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. चार
- ✗ C. एक
- ✓ D. तीन

Q.14 49 और 64 के बीच मध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 54
- ✓ B. 56
- ✗ C. 52
- ✗ D. 51

Q.15 एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।

Q. चार विद्यार्थियों– अंकिता, भावना, चित्रा और दीपा – के अंक अलग-अलग हैं।
सबसे अधिक अंक किसने प्राप्त किए?
(I) भावना ने अंकिता से अधिक लेकिन चित्रा से कम अंक प्राप्त किए।
(II) दीपा ने भावना से अधिक लेकिन चित्रा से कम अंक प्राप्त किए।

Ans
- ✓ A. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों में दी गई जानकारी एक साथ पर्याप्त है (केवल कथन I या केवल कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है)।
- ✗ B. कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ C. कथन I और II में दी गई जानकारी मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
- ✗ D. कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

Q.16 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
108 103 97 90 82 73 ?

Ans
- ✗ A. 61
- ✗ B. 67
- ✗ C. 65
- ✓ D. 63

Q.17 यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

6 × 45 ÷ 15 + 8 - 13 = ?

Ans
- ✔ A. 7
- ✘ B. 6
- ✘ C. 8
- ✘ D. 5

Q.18 कितनी धनराशि (₹ में) पर 16% वार्षिक साधारण ब्याज दर से 2 वर्ष में ₹480 ब्याज अर्जित होगा?

Ans
- ✘ A. 1650
- ✘ B. 1300
- ✔ C. 1500
- ✘ D. 1700

Q.19 चश्मे के लेंस निम्नलिखित में से क्या करके, नेत्र में हुई दृष्टि संबंधी समस्याओं को ठीक करने में सहायक होते हैं?

Ans
- ✘ A. प्रकाश का विक्षेपण
- ✔ B. लेंस के माध्यम से प्रकाश का अपवर्तन
- ✘ C. दर्पणों से परावर्तन
- ✘ D. प्रकाश का प्रकीर्णन

Q.20 125 cm त्रिज्या वाले एक अर्धगोले का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 31244π
- ✘ B. 31255π
- ✘ C. 31241π
- ✔ D. 31250π

Q.21 A किसी कार्य को 15 दिनों में पूरा कर सकता है, और B उसी कार्य को 20 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि दोनों एक साथ काम करें, तो कार्य को पूरा करने में उन्हें कितना समय लगेगा?

Ans
- ✘ A. $7\frac{4}{7}$ दिन
- ✘ B. $5\frac{3}{7}$ दिन
- ✘ C. $4\frac{3}{7}$ दिन
- ✔ D. $8\frac{4}{7}$ दिन

Q.22 एक दुकानदार किसी वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 56% अधिक निर्धारित करता है। 17% का लाभ प्राप्त करने के लिए उसे कितने प्रतिशत की छूट प्रदान करनी चाहिए?

Ans
- ✘ A. 24%
- ✘ B. 22%
- ✔ C. 25%
- ✘ D. 26%

Q.23 एक कस्बे की जनसंख्या में पहले वर्ष में 25% की वृद्धि हुई, फिर दूसरे वर्ष में 20% की कमी हुई तथा फिर तीसरे वर्ष में 10% की वृद्धि हुई। यदि प्रारंभिक जनसंख्या 50,000 थी तो 3 वर्ष बाद जनसंख्या कितनी होगी?

Ans
- ✘ A. 56,500
- ✘ B. 58,500
- ✔ C. 55,000
- ✘ D. 57,000

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.24 अभि, भानु, चेतु, देवांश, एकांश, फलक और ज्ञानु, सभी एक ही सप्ताह के सोमवार से रविवार तक अलग-अलग दिनों में एक खेल खेलते हैं। चेतु शुक्रवार को खेलता है। एकांश, भानु के तुरंत बाद और भानु, देवांश के तुरंत बाद खेलता है। देवांश सोमवार को नहीं खेलता है। ज्ञानु, फलक से ठीक पहले खेलता है। अभि किस दिन खेलता है?

Ans
- ✗ A. बुधवार
- ✗ B. रविवार
- ✗ C. गुरुवार
- ✓ D. सोमवार

Q.25 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
'A - B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A * B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है' और
'A / B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P + L / R - N' है, तो L का N से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. माता का भाई
- ✗ B. पति
- ✗ C. माता के पिता
- ✗ D. भाई

Q.26 A, B का भाई है। B, C का पुत्र है। M का विवाह B से हुआ है। Q, M की इकलौती पुत्री है। C, D की बहन है। A का C से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. भाई
- ✗ B. पुत्री
- ✓ C. पुत्र
- ✗ D. पिता

Q.27 N, K, J, R, P, S और M में से प्रत्येक व्यक्ति की परीक्षा सोमवार से प्रारंभ होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। M की परीक्षा बुधवार को है। N की परीक्षा, S की परीक्षा के ठीक बाद वाले दिन है। P और R के बीच केवल 2 व्यक्तियों की परीक्षा है। K की परीक्षा, M की परीक्षा से ठीक पहले वाले दिन है। R की परीक्षा न तो रविवार को है और न ही सोमवार को है। J की परीक्षा, S की परीक्षा से ठीक पहले वाले दिन है। निम्नलिखित में से किसकी परीक्षा सोमवार को है?

Ans
- ✓ A. P
- ✗ B. K
- ✗ C. M
- ✗ D. J

Q.28 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) N E F M L C L T X X R X D G J A M Q F T Q (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद एक स्वर है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✓ B. एक
- ✗ C. दो
- ✗ D. तीन

Q.29 एक व्यक्ति ने ₹1,500 में एक घड़ी खरीदी। उसने उसे अपने मित्र को अपने क्रय मूल्य पर 12% लाभ पर बेच दिया। फिर उसके मित्र ने उसे किसी अन्य व्यक्ति को अपने क्रय मूल्य पर 8% लाभ पर बेच दिया। प्रारंभिक क्रय मूल्य और अंतिम विक्रय मूल्य में अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹316.40
- ✗ B. ₹312.40
- ✓ C. ₹314.40
- ✗ D. ₹318.40

Adda247

Q.30 स्वरा बिंदु P से चलना शुरू करती है और उत्तर दिशा की ओर 8 m चलती है। फिर वह दायीं ओर मुड़कर 5 m चलती है। इसके बाद, वह फिर से दायीं ओर मुड़कर 4 m चलती है। एक बार फिर से वह दायीं ओर मुड़कर 10 m चलती है। फिर वह बायीं ओर मुड़कर 4 m चलने के बाद बिंदु Q पर रुक जाती है। बिंदु P पर पुनः पहुँचने के लिए उसे किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✔ A. पूर्व
- ✘ B. उत्तर
- ✘ C. दक्षिण
- ✘ D. पश्चिम

Q.31 एक विद्यार्थी के अंक गलती से 99 के स्थान पर 35 दर्ज कर दिए गए। इसके कारण कक्षा के औसत अंक में $\frac{8}{3}$ की कमी हो गई। कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या कितनी है?

Ans
- ✘ A. 34
- ✘ B. 33
- ✔ C. 24
- ✘ D. 28

Q.32 एक कार एक कगार से गिरती है और 0.8 सेकंड में जमीन पर पहुंच जाती है। किनारे की जमीन से ऊंचाई कितनी है? (गणना को सरल बनाने के लिए, $g = 10\ m/s^2$ लीजिए)

Ans
- ✘ A. 2.0 m
- ✔ B. 3.2 m
- ✘ C. 6.4 m
- ✘ D. 4.0 m

Q.33 निम्नलिखित में से कौन-सा एथेनॉल के सेवन के प्रभाव का सही वर्णन करता है?

Ans
- ✘ A. परिशुद्ध ऐल्कोहॉल की कम मात्रा सुरक्षित होती है, लेकिन तनुकृत एथेनॉल सदैव घातक होता है।
- ✘ B. किसी भी मात्रा में परिशुद्ध ऐल्कोहॉल से मामूली मादकता होती है, लेकिन इसके गंभीर दुष्प्रभाव नहीं होते हैं।
- ✔ C. कम मात्रा में तनु एथेनॉल भी मत्तता का कारण बनता है, जबकि परिशुद्ध ऐल्कोहॉल घातक हो सकता है।
- ✘ D. तनुकृत एथेनॉल के दीर्घकालिक सेवन से मनुष्यों के स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

Q.34 $\left(\frac{\sqrt[3]{4913}}{\sqrt[4]{1296}}\right) \times \frac{3}{51} \times 168$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 28
- ✘ B. 26
- ✘ C. 38
- ✘ D. 30

Q.35 एक समबाहु त्रिभुज के भीतर स्थित एक बिंदु से उसकी भुजाओं पर लंब रेखाएं खींची जाती हैं। इन लंबों की लंबाई क्रमशः 5 m, 6 m और 7 m है। त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 75 sq.m
- ✘ B. 98 sq.m
- ✘ C. $105\sqrt{3}$ sq.m
- ✔ D. $108\sqrt{3}$ sq.m

**Q.36** S, T, U, V, W, X और Y एक ही इमारत के सात अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 7 है। V तल क्रमांक 2 पर रहता है। V और U के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। X, U के ठीक नीचे रहता है। S, T के ठीक ऊपर रहता है। Y सबसे निचले तल पर नहीं रहता है। Y किस तल क्रमांक पर रहता है?

**Ans**

✗ A. तल क्रमांक 7

✗ B. तल क्रमांक 4

✗ C. तल क्रमांक 6

✓ D. तल क्रमांक 3

**Q.37** पाइप A एक टंकी को पाइप B की तुलना में तीन गुना तेज़ी से भर सकता है। यदि दोनों पाइप मिलकर टंकी को 36 मिनट में भर सकते हैं, तो धीमे चलने वाला पाइप अकेले टंकी को कितने समय में भरेगा?

**Ans**

✗ A. 108 मिनट

✓ B. 144 मिनट

✗ C. 82 मिनट

✗ D. 150 मिनट

**Q.38** V, W, X, Y और Z नाम के पाँच व्यक्तियों में से प्रत्येक की एक निश्चित आयु है। X की आयु, V की आयु की दोगुनी है। V की आयु, Y की आयु की तीन गुनी है। Y की आयु, W की आयु की $\frac{1}{5}$ है। W की आयु 15 है। यदि Z की आयु, X की आयु के बराबर है, तो Z की आयु कितनी है?

**Ans**

✓ A. 18

✗ B. 22

✗ C. 20

✗ D. 16

**Q.39** नीचे दिए गए दो युग्मों के समूह द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

NLOR : RHKN
IQCS : MMYO

**Ans**

✓ A. JPZK : NLVG

✗ B. KPNT : OLJQ

✗ C. XEPM : CALI


✗ D. WDHY : AZEU


Adda247


Adda247
GET IT ON Google Play


Q.40 निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाने वाले वेन आरेख का चयन कीजिए।
गाजर, सेब, नींबू

Ans

❌ A. 

❌ B. 

✔ C. 

❌ D. 

Q.41 प्याज के छिलके की अस्थायी स्लाइड में कोशिका द्रव्य द्वारा प्रतिधारित धब्बे के परिमाण (quantity of stain) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
❌ A. बहुत गहरा धब्बा (Very high stain)
❌ B. कोई धब्बा नहीं (No stain)
❌ C. मध्यम धब्बा (Medium stain)
✔ D. बहुत हलका धब्बा (Very little stain)

Q.42 दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

58 59 61 65 73 ?

Ans
❌ A. 87
✔ B. 89
❌ C. 86
❌ D. 88

**Q.43** शिवम ने अपने दो पोतों, 14 वर्षीय रूपेश और 15 वर्षीय मंदार के बीच ₹23400 इस प्रकार वितरित किए कि 23 वर्ष की आयु होने पर दोनों को बराबर राशि प्राप्त हो। तब तक यह राशि बैंक में 8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर, जिसपर ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है, पर जमा है। शिवम ने मंदार के नाम पर कितनी राशि (₹ में) जमा की है?

**Ans**
- ✗ A. 11250
- ✓ B. 12150
- ✗ C. 12500
- ✗ D. 11000

**Q.44** निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) K S U L H A A E G H L A J Z X G U P E U P H (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद भी एक स्वर है?

**Ans**
- ✗ A. 4
- ✓ B. 1
- ✗ C. 3
- ✗ D. 2

**Q.45** जब हथेली पर ऐसीटोन डाला जाता है तो इसे शीतल क्यों महसूस होता है?

**Ans**
- ✗ A. कण हथेली में ऊर्जा छोड़ते हैं और संघनित हो जाते हैं।
- ✓ B. कण हथेली से ऊर्जा अवशोषित करते हैं और वाष्पित हो जाते हैं।
- ✗ C. कण स्थिर रहते हैं और आसपास की ऊष्मा को परावर्तित करते हैं।
- ✗ D. कण फैलते हैं और त्वचा की परतों के बीच वायु को फंसा लेते हैं।

**Q.46** त्रिभुज ABC में बिंदु B पर समकोण है। BD, AC पर खींचा गया एक शीर्षलंब है। यदि AD = 5 cm और DC = 9 cm है, तो BD की लंबाई (cm में) कितनी है?

**Ans**
- ✗ A. $4\sqrt{5}$
- ✗ B. $2\sqrt{5}$
- ✓ C. $3\sqrt{5}$
- ✗ D. $\sqrt{5}$

**Q.47** डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम, 2025 किस अधिनियम के कार्यान्वयन को सुगम बनाते हैं?

**Ans**
- ✗ A. डिजिटल गोपनीयता अधिनियम, 2023
- ✓ B. डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023
- ✗ C. डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023
- ✗ D. सूचना प्रौद्योगिकी और साइबर सुरक्षा अधिनियम, 2023

**Q.48** किसी संख्या का 5% उसी संख्या के 5% का कितना प्रतिशत है?

**Ans**
- ✗ A. 50%
- ✓ B. 100%
- ✗ C. 25%
- ✗ D. 110%

Adda247

**Q.49** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक संख्याओं के समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त समान संक्रिया-समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट – दो/तीन अंकीय संख्या को संक्रिया के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता, उदाहरण के लिए: यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ने की अनुमति नहीं है।)

2 - 10 - 20 - 25 ; 1 - 5 - 10 - 15

Ans
- ✗ A. 9 - 45 - 90 - 105
- ✗ B. 3 - 15 - 20 - 40
- ✗ C. 5 - 25 - 50 - 60
- ✓ D. 4 - 20 - 40 - 45

**Q.50** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. MPR
- ✗ B. SVX
- ✗ C. QTV
- ✓ D. FIL

**Q.51** निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) A & # W Z € % © H M O # $ U £ F * H D € © H (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले अक्षर और ठीक बाद में भी एक अक्षर है?

Ans
- ✗ A. 4
- ✓ B. 2
- ✗ C. 1
- ✗ D. 3

**Q.52** उस समुच्चय का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटकीय अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए- 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(4, 8, 36)
(3, 3, 18)

Ans
- ✓ A. (5, 2, 21)
- ✗ B. (6, 3, 28)
- ✗ C. (15, 1, 32)
- ✗ D. (11, 5, 49)

**Q.53** एक राइडर 60 km की दूरी 30 km/h की चाल से तय करता है, फिर 40 km की दूरी 20 km/h की चाल से तय करता है, और अंत में 50 km की दूरी 25 km/h की चाल से तय करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए राइडर की औसत चाल (km/h में) कितनी है?

Ans
- ✗ A. 22
- ✗ B. 21
- ✓ C. 25
- ✗ D. 26

Q.54 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। केवल F, E के बाईं ओर बैठा है। F और G के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। D और A के बीच केवल B बैठा है, तथा D, G का निकटतम पड़ोसी नहीं है। C और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✔ A. 3
✘ B. 2
✘ C. 1
✘ D. 4

Q.55 किसी संख्या के एक-तिहाई भाग में 83 की वृद्धि करने पर परिणाम 97 प्राप्त होता है। मूल संख्या के अंकों का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 4
✔ B. 6
✘ C. 7
✘ D. 8

Q.56 स्थिर जल में एक नाव की चाल 8 km/hr है। यह कुल 4 घंटे में, धारा की विपरीत दिशा में 12 km और धारा की दिशा में 18 km की दूरी तय कर सकती है। धारा की चाल ज्ञात कीजिए। (उत्तर को दशमलव के दो स्थान तक पूर्णांकित करें)

Ans
✘ A. 3.12 km/hr
✘ B. 1.85 km/hr
✔ C. 2.89 km/hr
✘ D. 3.56 km/hr

Q.57 अक्षर समूह के निम्नलिखित त्रिकों में, प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

NOSE - ENOS - SENO
HAND - DHAN - NDHA

Ans
✘ A. TREK - KRTE - EKTR
✘ B. TREK - KRTE - ETKR
✔ C. TREK - KTRE - EKTR
✘ D. TREK - KTRE - ETKR

Q.58 125 ÷ 25 × 6 + 12 − 9 को सरल कीजिए।

Ans
✘ A. 23
✘ B. 28
✔ C. 33
✘ D. 36

Q.59 डैनियल बिंदु A से चलना शुरू करता है और दक्षिण दिशा में 23 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 14 km चलता है, फिर बाएं मुड़ता है और 27 km चलता है। इसके बाद वह फिर बाएं मुड़ता है और 23 km चलता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, 4 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
✘ A. 10 km, पूर्व की ओर
✘ B. 10 km, पश्चिम की ओर
✔ C. 9 km, पूर्व की ओर
✘ D. 9 km, पश्चिम की ओर

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.60 एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढिए और सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
पांच खंभों, I, L, O, M और D में से प्रत्येक की ऊंचाई अलग-अलग है, इनमें से सबसे ऊंचा खंभा कौन-सा है?

कथन:
(I) I, L से छोटा है लेकिन O से ऊंचा है।
(II) O, M से ऊंचा है लेकिन D से छोटा है।

Ans
✗ A. केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
✗ B. केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
✓ C. दोनों कथनों I और II में दी गई जानकारी मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✗ D. दोनों कथनों I और II में दी गई जानकारी मिलकर (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

Q.61 निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक क्या है?

78, 60, 85, 76, 84, 86, 73, 89, 78, 77, 60, 63, 62, 72, 61, 78, 67, 77, 61, 78, 75, 61, 88, 66, 69

Ans
✗ A. 77
✗ B. 60
✓ C. 78
✗ D. 61

Q.62 एक वस्तु 40% लाभ पर बेची जाती है। यदि क्रय मूल्य में ₹28 की वृद्धि कर दी जाए और विक्रय मूल्य में ₹84 की कमी कर दी जाए, तो लाभ 37.5% होगा। वस्तु का मूल क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 5,000
✓ B. 4,900
✗ C. 4,700
✗ D. 4,800

Q.63 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

PTC KOX FJS AEN ?

Ans
✗ A. VZS
✗ B. VSZ
✗ C. VIZ
✓ D. VZI

Q.64 सात व्यक्ति, J, K, L, M, N, O और P एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। J, M के दाईं ओर तीसरे स्थान पर तथा N के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। M और N दोनों का ठीक निकटतम पड़ोसी K है। O, P के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। M के बाईं ओर से गिनती करने पर M और P के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ A. एक
✗ B. एक भी नहीं
✓ C. दो
✗ D. तीन

Q.65 यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '–' और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

13 P 7 R (45 Q 5) P 2 = ?

Ans
✗ A. 82
✗ B. 49
✗ C. 34
✓ D. 73

**Q.66** निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) * M © U Q £ Q £ @ © V € H B $ W © I Q # U X (दाएं)
ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 2
- ✓ C. 3
- ✗ D. 4

**Q.67** एक दुकानदार किसी वस्तु का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 30% अधिक अंकित करता है। वह अंकित मूल्य पर 20% की छूट देता है, और ₹32 का लाभ अर्जित करता है। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 800
- ✗ B. 700
- ✗ C. 680
- ✗ D. 720

**Q.68** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
कुछ डॉक्टर, चील हैं।
कोई सांप, डॉक्टर नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ चील, सांप नहीं हैं।
(II) सभी चील, डॉक्टर हैं।

Ans
- ✓ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

**Q.69** निम्नलिखित संख्या युग्मों में, दूसरी संख्या, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करने पर प्राप्त होती है। X और Y को किन संख्याओं द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए, ताकि :: के बाईं ओर की दो संख्याओं द्वारा अनुसरण किए जाने वाले पैटर्न, :: के दाईं ओर की दो संख्याओं द्वारा अनुसरण किए जाने वाले पैटर्न के समान हो?

(नोटः संख्या को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए-13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा आदि 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ने तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 24 :: 13 : Y

Ans
- ✗ A. X = 7, Y = 130
- ✗ B. X = 8, Y = 36
- ✓ C. X = 12, Y = 26
- ✗ D. X = 8, Y = 130

**Q.70** तीन व्यक्ति अमर, अकबर और सुनील क्रमशः ₹15,600, ₹10,400 और ₹11,700 के निवेश के साथ एक व्यवसाय शुरू करते हैं। उन्हें लाभ के रूप में कुल निवेश का 20% प्राप्त हुआ और उन्होंने लाभ का 5% पुनर्निवेश करने की योजना बनाई। यदि शेष लाभ उनके निवेश के अनुपात में वितरित किया जाता है, तो लाभ में सुनील का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹2,845
- ✓ B. ₹2,223
- ✗ C. ₹3,247
- ✗ D. ₹4,225

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.71 एक सम बहुभुज के शीर्ष पर आंतरिक और बाह्य कोणों का अंतर 150° है। बहुभुज की भुजाओं की संख्या क्या है?

Ans
- ✗ A. 22
- ✗ B. 26
- ✗ C. 20
- ✓ D. 24

Q.72 निम्नलिखित में से कौन-सी संकरण क्रॉसिंग (hybridisation crossing) फसल किस्मों में सुधार के लिए उपयोग नहीं की जाती है?

Ans
- ✗ A. अंतरवंशीय (Intergeneric)
- ✗ B. अंतरस्पीशीज (Interspecific)
- ✓ C. अंतरास्पीशीज (Intraspecific)
- ✗ D. अंतरकिस्मीय (Intervarietal)

Q.73 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. VS - UR
- ✗ B. PM - OL
- ✗ C. MJ - LI
- ✓ D. TQ - KO

Q.74 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है:

PAN BIT SOG RUB

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans
- ✓ A. एक
- ✗ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक भी नहीं

Q.75 यह प्रश्न नीचे दिए गए तीन अंको वाली पांच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 452 852 674 528 429 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ने पर क्या परिणाम प्राप्त होगा?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 6
- ✓ C. 7
- ✗ D. 8

"